# बिहार कौशल विकास मिशन

## श्रम संसाधन विभाग, बिहार

## नियोजन भवन, बेली रोड,पटना।

**बिहार कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन**

बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, नियोजन भवन, बेली रोड, पटना, बिहार के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु **मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, नियोजन भवन, पाँचवा तल्ला, ए०वींग, आयकर गोलम्बर के पास, बेली रोड, पटना, बिहार –800001** के पते पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। पदों की विस्तृत विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन के वेबसाईट– **www.skillmissionbihar.org** एवं श्रम संसाधन विभाग के वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/labour** से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन, दिनांक–31/08/2021 को अपराह्न 3:00 बजे तक बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय में निबंधित डाक या Speed Post के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। विलम्ब अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन के लिए बिहार कौशल विकास मिशन उत्तरदायी नहीं होगा।

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग,
नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार, पटना।

विस्तृत विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन के वेबसाईट– **www.skillmissionbihar.org** एवं श्रम संसाधन विभाग के वेबसाईट **https://state.bihar.gov.in/labour** से प्राप्त किया जा सकता है।

**बिहार कौशल विकास मिशन**
**श्रम संसाधन विभाग**
**नियोजन भवन, बेली रोड,**
**बिहार सरकार।**

## बिहार कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर उनके समाने अंकित पदों की संख्या के लिये संविदा आधारित नियोजन हेतु **मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, नियोजन भवन, पॉचवा तल्ला, ए0वींग, आयकर गोलम्बर के पास, बेली रोड, बिहार, पटना–800001** के पते पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। पदों की विस्तृत विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन के वेबसाईट– www.skillmissionbihar.org एवं श्रम संसाधन विभाग के वेबसाईट– https//state.bihar.gov.in/labour प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन, दिनांक–31.08.2021को अपराह्न 3:00 बजे तक बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय में निबंधित डाक या Speed Post के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। विलम्ब अथवा त्रुटिपूर्ण आवेदन के लिए बिहार कौशल विकास मिशन उत्तरदायी नहीं होगा।

13.8.2021

**मिशन निदेशक**
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
नियोजन भवन, बेली रोड
बिहार, पटना।

# बिहार कौशल विकास मिशन
# श्रम संसाधन विभाग
# नियोजन भवन, बेली रोड,
# बिहार सरकार।

## बिहार कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, नियोजन भवन, बेली रोड, बिहार, पटना के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर उनके समाने अंकित पदों की संख्या के लिये संविदा आधारित नियोजन हेतु मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग, नियोजन भवन, पॉचवा तल्ला, ए0वींग, आयकर गोलम्बर के पास, बेली रोड, बिहार, पटना–800001 के पते पर आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0. | पदनाम | पदों की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक प्रशासनिक योग्यता | न्यूनतम अनुभव | अधिकतम आयु सीमा | वेतनमान | नियुक्ति का प्रकार | सृजित पदों के वेतन एवं भत्तों पर वार्षिक व्यय (रूपये) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रशासी पदाधिकारी | 01 | राज्य सेवा से प्रतिनियुक्त/ संविदा(राज्य सेवा के सेवा निवृत संयुक्त सचिव/ अपर जिला दंडाधिकारी स्तर या इससे उपर के पदाधिकारी) | कौशल उन्नयन के क्षेत्र में कार्य अनुभव को प्राथमिकता। | 60 वर्ष (सेवा निवृत पदा0 के मामले में 65 वर्ष) | पे बैंड–4 (37,400–67000) + 8,700/- ग्रेड पे अथवा संविदा की स्थिति में राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित नीति के अनुरूप | बिहार सरकार से नियुक्त अथवा (राज्य सेवा के सेवा निवृत संयुक्त सचिव स्तर /अपर जिला दंडाधिकारी स्तर के पदाधिकारी | 10,51,080/ | सेवा निवृत पदा–धिकारियों के मामले में वैसे पदा0 जिन्हें कौशल विकास कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी तथा उनके पारिश्रमिक का निर्धारण सरकार द्वारा निर्धारित अनुदेश के अनुरूप होगा। पूर्व में सेवा निवृत पदा0 का प्रावधान नहीं था। |
| 2. | मिशन प्रबंधक,आई0टी0 | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर साईस/आई0टी0 अभियंत्रण में डिग्री | 5 वर्षो का कार्य अनुभव | 45वर्ष | 60,000/- पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 7,20,000/ | |
| 3. | मिशन प्रबंधक, परियोजना | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0टेक/बी0ई0 /एम0सी0ए0 या समकक्ष | कौशल उन्नयन के क्षेत्र में कार्य करने का तीन वर्षो का अनुभव | 45 वर्ष | 60,000/- पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 7,20,000/ | |

| क्र0. | पदनाम | पदों की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक प्रशासनिक योग्यता | न्यूनतम अनुभव | अधिकतम आयु सीमा | वेतनमान | नियुक्ति का प्रकार | सृजित पदों के वेतन एवं भत्तों पर वार्षिक व्यय (रूपये) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | कौशल विकास परामर्शी (नियोजन) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0ज | मानव संसाधन क्षेत्र में 3 वर्षो का अनुभव | 45 वर्ष | 40,000/-पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 4,80,000/ | |
| 5. | कौशल विकास परामर्शी(प्रशिक्षण एवं समर्थन) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0ज | मानव संसाधन क्षेत्र में 3 वर्षो का अनुभव | 45वर्ष | 40,000/-पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 4,80,000/ | |
| 6. | कौशल विकास परामर्शी(समन्वय) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री–व्यवसायिक डिग्री धारकों को प्राथमिकता | संबंधित कार्य क्षेत्र में 3 वर्षो का अनुभव। | 45 वर्ष | 40,000/-पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 4,80,000/ | |
| 7. | कौशल विकास परामर्शी(योजना) | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सांख्यिकी अथवा अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री | योजना संबंधी कार्य क्षेत्र में 3 वर्षो का अनुभव। | 45 वर्ष | 40,000/-पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 4,80,000/ | |
| 8. | प्रोग्रामर | 01 | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में बी0टेक अथवा एम0सी0ए0 | डाटा विश्लेषण, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर कार्यों का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। | 45 वर्ष | 20,000/-पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 2,40,000/ | |
| 9. | लेखा प्रबंधक | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0कॉम/सी0ए0 इण्टर की डिग्री, Tally की जानकारी अनिवार्य (कंप्यूटर में एम0एस0ऑफिस का ज्ञान अनिवार्य) | न्यूनतम 3 वर्षो का लेखा संधारण का अनुभव। | 45 वर्ष | 30,000/-पतिमाह (फिक्सड) प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि | संविदा पर | 3,60,000/ | |

## संविदा पर नियोजन हेतु पात्रता एवं शर्तें:-

1. आवेदक भारत का नागरिक हो।
2. उम्र सीमा– पहली जनवरी 2021 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष है। क्रमांक–01 के लिए उम्र सीमा 65 वर्ष होगी। बिहार सरकार के द्वारा समय–समय पर प्रवृत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा पूर्व सैन्य कर्मियों को नियमानुसार उम्र सीमा छूट अनुमान्य होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए उम्र सीमा में 10 वर्षों के लिए अतिरिक्त छूट दिया जायेगा। केवल बिहार राज्य के निवासी को आरक्षण का लाभ दिया जायेगा।
3. आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य सरकार की सेवाओं में सीधी नियुक्ति के लिये समय–समय पर निर्धारित प्रावधान लागू होंगे।
4. अभ्यर्थी किसी न्यायालय के द्वारा दण्डित नहीं हों, जिसका शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. Short listing की प्रक्रिया में सिर्फ उन आवेदको के आवेदनों को सम्मिलित किया जायेगा, जो निर्धारित अर्हत्ता को पूरा करते हैं और जिन्होने आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण पत्रों को संलग्न किया है।
6. अंतर्वीक्षा के उपरांत तैयार मेरिट लिस्ट क्रमांक 1 को योगदान के लिए बुलावा पत्र निर्गत किया जायेगा। उनके द्वारा पद पर योगदान नहीं किये जाने के फलस्वरुप प्रतीक्षारत अभ्यर्थी को बुलावा पत्र प्रेषित किया जायेगा। प्रतीक्षासूची 1 (एक) वर्ष के लिए मान्य होगी।
7. विज्ञापन में निर्धारित योग्यता न्यूनतम है, जिसके आधार पर कोई भी अभ्यर्थी चयन का दावा नहीं करेंगे।
8. चयनित अभ्यर्थी से आवश्यकतानुसार बिहार कौशल विकास मिशन/सक्षम प्राधिकार द्वारा किसी भी प्रकार कार्य संपादित कराया जा सकता है।
9. एकरारनामा– संविदा पर नियोजन के पूर्व चयनित अभ्यर्थी को बिहार कौशल विकास मिशन के साथ एक एकरारनामा किया जायेगा।
10. संविदा के आधार पर नियोजित उपर्युक्त सभी कर्मियों की कार्य अवधि प्रथम चरण में एक वर्ष की होगी।
11. सेवा संतोषजनक पाये जाने की स्थिति में बिहार कौशल विकास मिशन/श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना उसका सेवा विस्तार कर सकता है।
12. संविदा की अवधि समाप्ति के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति का पुनर्नियोजन नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उनका नियोजन स्वतः समाप्त माना जाएगा और इसके लिये कोई अलग से आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।
13. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार माने जायेगें।
14. संविदा पर नियोजित कर्मी स्थायीकरण/नियमितीकरण का दावा नहीं करेगें और न ही वे इसके पात्र होंगे।
15. संविदा पर नियोजित कर्मियों द्वारा राज्य सरकार एवं बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करना होगा।
16. संविदा पर नियोजित कर्मियों पर प्रशासनिक नियंत्रण बिहार कौशल विकास मिशन/श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना का होगा।

17. आवेदन पत्र में त्वरित संवाद हेतु आवेदक को अपना वर्तमान में कार्यरत सम्पर्क सूत्र मो० नं० एवं ई–मेल पते को अंकित करना अनिवार्य होगा।

18. समय सीमा के बाद कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

19. बिहार कौशल विकास मिशन को बिना किसी कारण बताये, कभी भी, चयन प्रकिया को बदलने, संशोधित अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

20. चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थी द्वारा किसी भी तरह की पैरवी /अनुचित दबाव दिये जाने के फलस्वरुप उनके आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। साथ ही उनके ऊपर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

21. वांछित योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 31.08.2021 को (अपराह्न 3:00 बजे तक) होगी एवं आवेदन रजिस्टर्ड डाक या Speed Post से भेजना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम अंकित करना होगा। आवेदन विहित प्रपत्र में टंकित हो और उसमें नाम, पिता/पति का नाम, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता के साथ अनुभव एवं अद्यतन फोटो/ शैक्षणिक/ तकनीकी योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

13.8.2021

**मिशन निदेशक**
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
नियोजन भवन, बेली रोड
बिहार, पटना।

## विहित प्रपत्र
## सेवा निवृत आवेदकों के लिए

(पद क्रमांक 01 के लिए)

| नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो जो आवेदक द्वारा स्वअभिप्रमाणित किया हुआ हो |
|---|

1. आवेदित पद का नामः– ..............................
2. आवेदक का नामः– ..............................
3. पिता / पति का नामः– ..............................
4. जन्मतिथिः– ..............................
5. पत्राचार का पताः– ..............................

6. स्थायी पताः– ..............................

7. शैक्षणिक योग्यताः– ..............................
8. तकनीकी योग्यताः– ..............................
9. अन्य योग्यता
   (यदि कोई हो):– ..............................
10. अनुभवः– ..............................
11. कौशल प्रशिक्षण
    से संबंधित अनुभवः– ..............................
12. कोटिः– ..............................
13. सेवा निवृति की तिथिः– ..............................
14. कार्यालय का नाम,
    जहाँ से सेवा निवृति हुए है..............................
15. फोन नम्बरः ..............................
16. ई मेल आई. डी.: ..............................

तिथिः

आवेदक का हस्ताक्षर

नोटः– आवेदक द्वारा शैक्षणिक / तकनीकी / अनुभव / जाति प्रमाण पत्रों से संबंधित अभिलेखों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

2. सेवा निवृत आवेदक द्वारा पी.पी.ओ. / वार्द्धक्य सेवा निवृति के उपरान्त प्रभार परित्याग प्रमाण–पत्र तथा अन्तिम वेतन प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

# <u>विहित प्रपत्र</u>

## (पद क्रमांक 02 से 09 के लिए)

| |
|---|
| नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो जो आवेदक द्वारा स्वअभिप्रमाणित किया हुआ हो |

1. आवेदित पद का नामः– ..............................
2. आवेदक का नामः– ..............................
3. पिता / पति का नामः– ..............................
4. जन्मतिथिः– ..............................
5. पत्राचार का पताः– ..............................

6. स्थायी पताः– ..............................

7. शैक्षणिक योग्यताः– ..............................
8. तकनीकी योग्यताः– ..............................
9. अन्य योग्यता
   (यदि कोई हो):– ..............................
10. अनुभवः– ..............................
11. कौशल प्रशिक्षण
    से संबंधित अनुभवः– ..............................
12. कोटिः– ..............................
13. फोन नम्बरः ..............................
14. ई मेल आई. डी.: ..............................

तिथिः

आवेदक का हस्ताक्षर

नोटः–आवेदक द्वारा शैक्षणिक / तकनीकी / अनुभव / जाति प्रमाण पत्रों से संबधित अभिलेखों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।